चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/8585
दिनांक : 01-3-2024

विज्ञप्ति

सत्र 2023–24 व्यक्तिगत एवं संस्थागत पाठ्यक्रमों की वार्षिक परीक्षा–2024 एवं बैक पेपर परीक्षा–2023 से वंचित छात्रों के परीक्षा फार्म दिनांक 20.02.2024 तक भरवाये जा चुके हैं।

बैक पेपर परीक्षा–2023 के परीक्षा परिणाम निर्गत न होने के कारण ऐसे छात्र जो मुख्य परीक्षा–2024 का परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह गये हैं, के हितों के दृष्टिगत वार्षिक परीक्षाओं के परीक्षा फार्म का पोर्टल विश्वविद्यालय वेबसाईट www.ccsuniversity.ac.in पर निम्नलिखित तिथियों के अनुसार खोला जा रहा है :–

<u>ऑन–लाईन परीक्षा फार्म भरने की निर्धारित तिथियाँ निम्नानुसार प्रस्तावित हैं</u> :–

01.	ऑनलाईन परीक्षा फार्म उपलब्ध होने की तिथि	**02.03.2024**
02.	ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि	**07.03.2024**
03.	छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म महाविद्यालय/संस्थान/विभागों में जमा करने तथा महाविद्यालय/संस्थान/विभागों द्वारा परीक्षा फार्म ऑनलाईन सत्यापित किये जाने की अन्तिम तिथि	**09.03.2024**
04.	महाविद्यालयों/संस्थानों/विभागों द्वारा सत्यापित परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि	**11.03.2024**

परीक्षाएं दिनांक 20.03.2024 से आयोजित हो रही हैं इसलिए उपर्युक्त अवधि में परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात परीक्षा फार्म भरने, फीस जमा करने अथवा परीक्षा फार्म सत्यापित किये जाने का कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा।

01-03-2024
परीक्षा नियंत्रक

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित</u> :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान/विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण में अर्हता का अच्छी तरह परीक्षण कर लिया जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं।
02. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वयैक्तिक सहायक, निदेशक (अकादमिक) को, निदेशक (अकादमिक) जी के सूचनार्थ।
04. वयैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को, वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
05. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वयैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. सहा0 कुलसचिव/उप कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा)।
09. प्रभारी–कमैटी सेल/अति गोपनीय विभाग।
10. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र/विश्वविद्यालय वेबसाईट।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र/विश्वविद्यालय वेबसाईट।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त नियमों/अर्हता के अनुरूप ही उपर्युक्त सन्दर्भित समस्त परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म भरवाया जाना सुनिश्चित करें।
13. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेशित कि कृपया उक्त महत्त्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्रों के <u>सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए</u>, छात्रहित में, निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
14. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र/सूचना पट।

01/03
उप कुलसचिव (परीक्षा)